# 2023

# विश्व मस्तिष्क पक्षाघात दिवस
# (World Cerebral Palsy Day)
## अभियान गाइड

Cerebral Palsy Alliance

लाखों कारण 6 अक्तूबर

विश्व सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) दिवस


# विषय वस्तु


| | |
|---|---|
| इस वर्ष | 3 |
| अभियान का इतिहास | 5 |
| प्रतिस्पर्धा के बारे में | 8 |
| यह कैसे काम करता है | 9 |
| आप इसके साथ कैसे जुड़ सकते हैं | 10 |
| सोशल के लिए टेम्पलेट्स | 11 |
| कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सुझाव | 15 |
| लाइव कार्यक्रम में शामिल हों | 19 |
| प्रेरणा | 20 |
| संसाधनों की सूची | 21 |




# अधिक समावेशी दुनिया बनाने के लिए लाखों कारण हैं।

विश्व में 17 मिलियन से अधिक लोग सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) से पीड़ित हैं और 1 बिलियन से अधिक लोग किसी न किसी दिव्यांगता के साथ जी रहे हैं। फिर भी दुनिया को सुलभ, समावेशी या न्यायोचित होने के लिए डिजाइन नहीं किया गया है। उत्पाद डिजाइनर और प्रौद्योगिकी उद्योग प्राय: दिव्यांग व्यक्तियों की विशेष जरूरतों को नजरअंदाज कर देते हैं।




**सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) से प्रभावित लोग प्राय: प्राकृतिक रूप से समस्या का समाधान करने वाले और मेहनती होते हैं।**

**"हमें रोजाना की जरूरत की चीजों को अपने लिए सुलभ बनाने के लिए मेहनत करनी पड़ती है"**


- हन्नाह डिवाइनी

# 10 वर्ष से अधिक समय पहले

हमने सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) से प्रभावित समुदाय से ऐसे विचार माँगे जो सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) से पीड़ित व्यक्ति की दुनिया बदल सकें।

तुर्किए के एलपर ने सौर ऊर्जा से चलने वाली व्हीलचेयर का विचार भेजा।





## पिछले वर्ष 2022 में लेबनान के राना ज़ारज़ौर ने “माँ के साथ रिश्ता” का विचार भेजा।

बोलने में असमर्थ बच्चे की माँ के तौर पर राना को ऐसा लगता है कि वे हमेशा अपनी बेटी की चीखों, गुस्से और दर्द के पीछे छिपे कारण का अंदाजा लगाती रहती हैं।

वे उस प्रौद्योगिकी से प्रेरित हुईं जो पुरुषों को कृत्रिम दर्द का अहसास करवाती है जिससे वे बच्चे को जन्म देने का अनुभव जान सकें।

राना ऐसी प्रौद्योगिकी तैयार होते हुए देखना चाहती हैं जो बच्चे की जरूरतों की नकल कर सके और देखभालकर्ताओं का बेहतर ढंग से मार्गदर्शन कर सके।

राना के विचार ने वर्ष 2023 की Remarkable Design-athon के लिए एक चुनौती पेश की।

सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) समुदाय ने यह प्रमाणित कर दिया है कि नवाचार और नए विचार दिव्यांग व्यक्तियों की अगुवाई में तैयार किए गए डिज़ाइनों से आते हैं।


# तो इस वर्ष दोबारा यह सिद्ध करने के लिए हमारे मिशन के साथ जुड़िये कि सबसे अच्छे नए विचार दिव्यांग समुदाय से आते हैं।




**चरण 1.**

6 अक्तूबर 2023 (विश्व CP दिवस) को स्थानीय समय के अनुसार रात 11:59 बजे अपना विचार जोड़े

विचार 1 अगस्त से भेजे जा सकते हैं।





**चरण 2.**

अपने पसंदीदा विचार के लिए वोट करें। मतदान **6 अक्तूबर** को शुरू होगा और 13 अक्तूबर 2023 को बंद होगा।



**चरण 3.**

निर्णायक चुने हुए विचारों (आपके द्वारा मतदान किए गए) की समीक्षा करते हैं!



**चरण 4.**

हम 20 अक्तूबर को लाइव ऑनलाइन कार्यक्रम में विजेताओं की घोषणा करेंगे। **अपना उत्तर यहाँ भेजें।**



विजेता!

**चरण 5.**

विजेताओं को $5,000 USD दिए जाएंगे और वे 2024 की Remarkable Design-athon पर अपने सुझाव देंगे जहाँ डिज़ाइनर्स, डेवेलपर्स, क्रिएटिव्स, उद्यमी इस विचार को साकार करने में सहायता करने के लिए एक साथ आएंगे।

# यह कैसे काम करता है

इस वर्ष हम सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) समुदाय के व्यक्तियों और संगठनों द्वारा जीवन बदलने वाले अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए यह प्रतिस्पर्धा उनके लिए खोल रहे हैं।

एक व्यक्ति और एक संगठन 2024 के Remarkable Design-athon के लिए चुनौतियों को आकार देने में सहायता करेगा जहाँ डिज़ाइनर्स, डेवेलपर्स और उद्यमी इन विचारों को साकार करने के लिए एक साथ आएंगे।

**व्यक्तिगत विजेता**

Remarkable Design-athon के संबंध में सुझाव

$5,000 USD प्राप्त होंगे

**संगठन विजेता**

Remarkable Design-athon के संबंध में सुझाव

जीवन में बदलाव लाने वाले कार्य में सहयोग करने के लिए $5,000 USD का दान प्राप्त होगा।

अधिक जानकारी के लिए 2023 Remarkable Design-athon देखें।



# तो आप किस प्रकार इसमें शामिल होंगे?

इस प्रतिस्पर्धा की जानकारी सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इसका प्रचार करने में हमारी सहायता करें। (हमारे पास ऐसे टेम्पलेट भी हैं जिन्हें आप Canva पर अनुकूलित (कस्टमाइज़) कर सकते हैं। अतिरिक्त निर्देशों के लिए **पृष्ठ 11-14** देखें)।

**यदि आप दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कार्यरत लाभ-निरपेक्ष संगठन हैं**, तो संगठन के रूप में अपना विचार प्रस्तुत करें। (आपको **पृष्ठ 20** पर कुछ प्रेरणा मिल सकती है)।

**अपने समुदाय को विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करें।** (कार्यक्रमों के संबंध में हमारे कुछ विचार **पृष्ठ 15-18** पर दिए गए हैं)।

ऑनलाइन कार्यक्रम में वैश्विक समुदाय के साथ जुड़ें और जानें कि 2023 के विजेताओं के तौर पर कौन से विचार चुने गए हैं। (अधिक विवरण के लिए **पृष्ठ 19** देखें)

# सोशल मीडिया पर पोस्ट करना

आप इन ग्राफिक्स को इसी तरह पोस्ट कर सकते हैं या आप Canva पर उपलब्ध संपादित किए जा सकने वाले टेम्पलेट्स के साथ अपने स्वयं के ग्राफिक्स को अनुकूलित कर सकते हैं। #worldCPday का उपयोग करना याद रखें और हमें @worldCPday पर टैग करें।

विश्व सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) दिवस की ओर बढ़ते हुए इन्हें पोस्ट करें।




क्या आपने इस वैश्विक विषय के बारे में सुना है? @worldCPday में सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) से प्रभावित लोगों, उनके मित्रों और परिवार को ऐसे विचार दर्ज करने के लिए आमंत्रित किया गया है जिससे दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन में सुधार किया जा सके।

क्या आपके पास जीवन में बदलाव लाने वाला कोई विचार है?
इसे ideas. worldcpday.org पर दर्ज करें। इसका विजेता 2024 के Remarkable Design-athon पर अपने सुझाव देगा और उसे $5,000USD का पुरस्कार दिया जाएगा।
#worldCPday

JPEG डाउनलोड करें

संपादित किए जा सकने वाला टेम्पलेट देखें




सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) से पीड़ित लोग स्वाभाविक रूप से समस्याओं का समाधान करने वाले लोग होते हैं, उन्हे प्राय: रोजाना की जरूरत की चीजों को अपने अनुकूल बनाने के लिए मेहनत करनी पड़ती है।

यह सिद्ध करने में सहायता करें कि सबसे अच्छे नए विचार विकलांग समुदाय से आते हैं।

अन्य विचार देखने और अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए
ideas.worldcpday.org पर जाएँ।
#worldCPday

JPEG डाउनलोड करें


संपादित किए जा सकने वाला टेम्पलेट देखें

# केराउज़ल पोस्ट











JPEG डाउनलोड करें

संपादित किए जा सकने वाला टेम्पलेट देखें







क्या आपने विचारों की गैलरी देखी है? पूरे विश्व के प्रमस्तिष्क पक्षाघात से प्रभावित लोगों ने अपने विचार भेजे हैं।

आज ही अपना विचार प्रस्तुत करें और प्रमस्तिष्क पक्षाघात से पीड़ित लोगों की विशेष जरूरतों के बारे में जागरूकता फैलाने में सहायता करें।

ideas.worldcpday.org पर जाएँ

#worldCPday

# इन्हें विश्व सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) दिवस पर पोस्ट करें




टिप्पणियाँ लिखकर हमें बताएं कि आप इस वर्ष विश्व सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) दिवस कैसे मना रहे हैं?

#worldCPday

JPEG डाउनलोड करें

संपादित किए जा सकने वाला टेम्पलेट देखें




आप विश्व सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) दिवस कैसे मना रहे हैं? #worldCPday

इसे मनाने का एक तरीका है कि आप @worldCPday पर विचारों की गैलरी में जाकर कोई ऐसा विचार दें जो सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) से ग्रस्त व्यक्ति के तौर पर आपके जीवन में सुधार ला सके। इसके लिए विचार स्थानीय समय के अनुसार रात 11.59 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।

JPEG डाउनलोड करें

संपादित किए जा सकने वाला टेम्पलेट देखें

# लोगों को अपने विचार के लिए और दूसरों के विचारों के लिए मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए इसे विश्व सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) दिवस के बाद पोस्ट करें!




[संगठन का नाम] टीम ने सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) (CP) से पीड़ित लोगों का जीवन बदलने वाले विचार पर साथ मिलकर चर्चा की है।

ideas.worldcpday.org पर हमारे विचार के लिए मतदान करें। $5,000USD का दान प्राप्त करना हमारे लिए बहुत महत्व रखता है और इससे हम सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) से प्रभावित लोगों के समुदाय की सहायता कर सकते हैं।#worldCPday

JPEG डाउनलोड करें

संपादित किए जा सकने वाला टेम्पलेट देखें




आज मतदान करने का अंतिम दिन है! यह बटन क्लिक करने जितना आसान है।

ideas.worldcpday.org पर हमारे विचार के लिए मतदान करें और हम $5,000 USD का दान प्राप्त कर सकते हैं! #worldCPday

JPEG डाउनलोड करें

संपादित किए जा सकने वाला टेम्पलेट देखें




पूरे विश्व से सैंकड़ों विचार आए हैं। यह सिद्ध करता है कि सबसे अच्छे नए विचार विकलांग समुदाय से आते हैं।

ideas.worldcpday.org पर सभी विचार देखें और अपने पसंदीदा विचार के लिए मतदान करें! #worldCPday


JPEG डाउनलोड करें

संपादित किए जा सकने वाला टेम्पलेट देखें

# कार्यक्रम आयोजित करना



वर्कशॉप आयोजित करें



पिच



मतदान का दिन



# वर्कशॉप आयोजित करें

समुदाय को साथ मिलकर वर्कशॉप में आने और विचारों का सृजन करने के लिए आमंत्रित करें। यह वर्चुअल रूप से या व्यक्तिगत रूप से किया जा सकता है। आपकी वर्कशॉप में लोगों को अपने सबसे बड़े और बेहतरीन विचारों के साथ आगे आने में सहायता करने के लिए कार्यकलाप होने चाहिए।

**ध्यान रखें कि विचार विश्व सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) दिवस अर्थात 6 अक्तूबर को रात 11:59 बजे तक ही भेजे जा सकते हैं।**

**कार्यकलाप:**

- कमरे में चारों तरफ जाएँ या Zoom पर जाएँ, और लोगों को सुलभता के संबंध में उनके कष्ट साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें। उनके साथ ऐसा कौन-सा बुरा अनुभव हुआ जो उस प्रकार नहीं होना चाहिए था?


- इन सभी को "**हम कैसे कर** सकते हैं" कथनों के रूप में लिखें और समाधानों पर चर्चा करें, उदाहरण के लिए "हम व्हीलचेयर का प्रयोग करने वालों के लिए हवाई यात्रा कैसे आसान बना सकते हैं?"

- 8 में 8 कार्यकलाप। सहभागी एक कागज के टुकड़े को 3 बार मोड़ते हैं ताकि 8 वर्ग बन जाएँ। 8 मिनट का टाइमर लगाएँ और प्रत्येक व्यक्ति अपने प्रत्येक वर्ग को भरने के लिए 8 विचार सोचता है। इन विचारों को समूह के साथ साझा करें। इस प्रकार के त्वरित विचार-मंथन से बेहतरीन विचार आ सकते हैं और प्रारंभिक बिन्द मिल सकते हैं!

# पिच

ऐसा कार्यक्रम आयोजित करें जिसमें सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) से प्रभावित लोग जीवन बदलने वाले अपने विचार किसी पैनल के समक्ष रखें। वे उस विचार का विवरण दे सकते हैं, यह बता सकते हैं कि इससे किस समस्या का समाधान होगा और उनके अनुसार यह कैसे साकार किया जा सकता है।

प्रभावशाली व्यक्तियों के पैनल को फीडबैक देने के लिए आमंत्रित करें। इसे व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअल कार्यक्रम के तौर पर किया जा सकता है। इसमें भाग लेने वालों को अपने विचार वेबसाइट पर दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित करें।





# मतदान का दिन

विश्व सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) दिवस पर 6 अक्तूबर को समुदाय को साथ लाएँ, अपने देश से विभिन्न विचारों को प्रदर्शित करें और प्रत्येक व्यक्ति अपने मोबाइल पर अपने पसंदीदा विचारों के लिए मतदान कर सकता है।

यदि आपके संगठन ने विचार दर्ज किया है, तो पार्टी आयोजित करें और वहाँ उपस्थित सभी लोगों को मतदान के माध्यम से आपके विचार का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करें।

# लाइव कार्यक्रम में शामिल हों


## हम CPActive और Cerebral Palsy Alliance के साथ लाइव पुरस्कार समारोह की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं जहाँ हम विश्व सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) दिवस प्रतियोगिता के सबसे अच्छे विचारों को प्रस्तुत करेंगे।

इस कार्यक्रम के बारे में अंतिम विवरण कार्यक्रम की तारीख नजदीक आने पर घोषित किया जाएगा – लेकिन आप अपना स्थान आरक्षित करने के लिए हमें अपना उत्तर भेज सकते हैं!

**कहाँ:** आपको कार्यक्रम के आयोजन से पहले Zoom लिंक प्राप्त होगा
**कब:** 20 अक्तूबर, शुक्रवार को सुबह 11 बजे, AEDT (UTC + 11h)


**अपना उत्तर यहाँ भेजें**

Auslan और कैप्शनिंग तब उपलब्ध करवाई जाएगी, यदि एक्सेस के संबंध में आपकी कोई अतिरिक्त जरूरतें हैं या आपके कोई प्रश्न हैं तो कृपया हमें ईमेल करें:
info@cpactive.org.au



## पिछले वर्ष प्रस्तुत किए गए विचारों से प्रेरणा लें। हमें 45 विभिन्न देशों से सैंकड़ों विचार प्राप्त हुए। इनमें से कुछ नवाचारी विचार निम्नानुसार थे:

- होलोग्राफिक संचार उपकरण
- सुलभ आपातकालीन शरण स्थान
- सीढ़ियों पर चढ़ने वाली और स्वत: चार्ज होने वाली व्हीलचेयर
- अनुकूल फैशन वस्तुएँ
- रोबोटिक हाथ
- वर्चुअल रिएलिटी यात्रा पार्टनर
- नैविगेशन ऐप्स जो यातायात के साधन के रूप में 'मोबिलिटी डिवाइस' के लिए मार्ग की दूरी की गणना करे



# संसाधन

## ये सभी संसाधन यहाँ से डाउनलोड करें: worldcpday.org/resources.

## ये सभी 18 विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध हैं।

- लोगो ........................................................................ डाउनलोड करें
- सोशल मीडिया ग्राफिक्स .............................................. डाउनलोड करें
- Canva टेम्पलेट्स ....................................................... डाउनलोड करें
- प्रिंट पोस्टर्स .............................................................. डाउनलोड करें
- शैक्षिक पोस्टर्स ........................................................... डाउनलोड करें
- शैक्षिक प्रस्तुति ............................................................ डाउनलोड करें



# सहायता के लिए हमसे संपर्क करें

ईमेल: contact@worldcpday.org

@worldCPday